–मुद्रक–

राष्ट्रीय ऑफसेट प्रिंटर्स

बी–१६२, जिगर कालोनी, मुरादाबाद.

बोध क्रम ४७ ।। ओ३म् खं ब्रह्म ।। प्रकाश क्रम १८

लेखक

वीरेन्द्र गुप्तः

भेंट कर्ता

श्री सतीश चन्द्र जी गुप्ता एडवोकेट

एवं

श्री रामअवतार जी (रम्मन बाबू)

सृष्टयाब्द १,९७,२९,४९,१०३

मानव सृष्टि वेद काल १,९६,०८,५३,१०३

दयानन्दाब्द १७९

विक्रम सम्वत् २०५९ सन् २००२ ई०

प्रकाशक :—

वेद संस्थान

मण्डी चौक, मुरादाबाद

प्राप्ति स्थान :—

वीरेन्द्र नाथ अश्विनी कुमार
प्रकाशन मन्दिर
मण्डी चौक, मुरादाबाद

प्रथम संस्करण
दो हज़ार

मूल्य — स्वाध्याय

वेद संस्थान

की साहित्य सेवा

वेद संस्थान की स्थापना चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत् २०४८ रविवार १९ मार्च १९९१ को हुई।

वेद संस्थान का लक्ष्य है—सद्साहित्य अल्पमूल्य पर अथवा निःशुल्क आपके पास तक पहुँचता रहे। हमने अब तक १—विनयामृत सिन्धु, २— अभिनन्दनीय व्यक्तित्व, ३— विवेकशील बच्चे, ४— जन्म दिवस, ५— योग परिणति, ६— करवा चौथ, ७— दैनिक पंच महायज्ञ, ८— गोधन, ९— पर्वमाला, १०— दाम्पत्य दिवस, ११— छलकपट और वास्तविकता, १२— ईश महिमा, १३— मन की अपार शक्ति १४— रत्न माला १५— नयन भास्कर १६— युधिष्ठिर यज्ञ गीता, १७— यज्ञों का महत्व नामक पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इसी श्रंखला में श्री वीरेन्द्र गुप्तः द्वारा रचित कृति १८ वीं पुस्तक वेद—उद्गीत प्रस्तुत है। यह प्रस्तुति वेद संस्थान की और सहयोग दानी महानुभावों का है। इस सहयोग और उदार भाव के लिये वेद संस्थान उनका आभारी है।

हमें आशा है कि आप वेद संस्थान को पूर्ण सहयोग देकर नूतन साहित्य प्रकाशित करने का अवसर अवश्य प्रदान करते रहेंगे।

विजय कुमार
प्रकाशन सचिव

अम्बरीष कुमार
सचिव

वेद संस्थान
मण्डी चौक, मुरादाबाद

लेखक परिचय

नाम — श्री वीरेन्द्र गुप्तः
जन्म — ३ अगस्त, १९२७ ई०,
मुरादाबाद
सम्प्रति — व्यवसाय

सम्मान :

१— १४ सितम्बर १९८२ राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रसार समिति।

२— ३ अक्टूबर १९८२ आर्यसमाज मण्डी बाँस, मुरादाबाद।

३— १४ सितम्बर १९८८ श्री यशपाल सिंह स्मृति साहित्य शोधपीठ, मुरादावाद।

४— ३० सितम्बर १९८८ अहिवरण सम्मान पुरालेखन केन्द्र, मुरादाबाद।

५— २ जनवरी १९९२ साहू शिवशक्ति शरण कोठीवाल स्मारक समिति, मुरादाबाद द्वारा साहित्य सम्मान।

६— ७ जनवरी १९९६ अभिनन्दन समिति द्वारा नागरिक अभिनन्दन एवं अभिनन्दन ग्रन्थ तथा सामूहिक अभिनन्दन पत्र।

७— ६ मार्च १९९९ अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा द्वारा ग्वालियर सम्मेलन में (साहित्य) समाज शिरोमणी सम्मान।

८— ९ मई १९९९ विराट आर्य सम्मेलन पश्चिमी उत्तर प्रदेश मेरठ (आर्य शिरोमणी) सम्मान।

९— २६ जनवरी २००० माथुर वैश्य मण्डल, मुरादाबाद द्वारा (साहित्यक शताब्दी पुरुष) सम्मान।

१०— २५ फरवरी २००० (अमृत महोत्सव) के अवसर पर संस्कार भारती, मुरादाबाद द्वारा अभिनन्दन।

११— १५ सितम्बर २००० (राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सहस्त्राब्दी सम्मान) सहस्त्राब्दी विश्व हिन्दी सम्मेलन नई देहली के द्वारा। सँयुक्त राष्ट्र संघ (यूनैस्को) आदि से सम्बन्ध।

१२— १७ सितम्बर २००० ''ज्ञान मन्दिर पुस्तकालय, रामपुर'' हिन्दी दिवस पर सम्मान।

उल्लेख :

१— हिन्दी साहित्य का इतिहास ले० डा० आलोक रस्तोगी एवं श्री शरण, देहली १९८८।

२— "आर्य समाज के प्रखरव्यक्तित्व" दिव्य पब्लिकेशन केसरगंज अजमेर १९८९।

३— "आर्य लेखक कोष" दयानन्द अध्ययन संस्थान जयपुर १९९१।

४— एशिया—पैसिफिक "हू इज़ हू" (खण्ड ३) देहली २०००।

प्रकाशित कृतियाँ :

१— इच्छानुसार सन्तान, २— लौकिट (उपन्यास), ३— पुत्र प्राप्ति का साधन, ४— पाणिग्रहण संस्कार विधि, ५— How to be get a son,(अनुवादित) ६— सीमित परिवार, ७— बोध रात्रि, ८— धार्मिक चर्चा, ९— कर्म चर्चा, १०— सस्ती पूजा, ११— वेद में क्या है? १२— गर्भावस्था की उपासना, १३— वेद की चार शक्तियाँ, १४— कामनाओं की पूर्ति कैसे,
१५— नींव के पत्थर, १६— यज्ञों का महत्व, १७— ज्ञान दीप,
१८— The light of learning (अनुवादित) १९— दैनिक पंच महायज्ञ,
२०— दिव्य दर्शन, २१— दस नियम, २२— पतन क्यों होता है,
२३— विवेक कब जागता है, २४— ज्ञान कर्म उपासना, २५— वेद दर्शन, २६— वेदांग परिचय, २७— संस्कार, २८— निरकार साकार के स्वरूप का दिग्दर्शन, २९— मनुर्भव, ३०— अदीनास्याम, ३१— गायत्री साधन, ३२— नव सम्वत्, ३३— आनुपक (कहानियाँ), ३४— विवेकशील बच्चे, ३५— जन्म दिवस, ३६— करवा चौथ, ३७— योग परिणति, ३८— पर्वमाला, ३९— दाम्पत्यदिवस, ४०— छलकपट और वास्तविकता, ४१— श्रद्धा सुमन, ४२— माथुर वैश्यों का उद्गम, ४३— ईश महिमा, ४४— मन की अपार शक्ति, ४५— नयन भास्कर, ४६— युधिष्ठिर यक्ष गीता, ४७— वेद उद्गीत।

अनुक्रम

प्रकाशकीय

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अनेक घटनाऐं ऐसी घटती हैं जिनसे उसके विचारों में लहर उठती है, परन्तु उन वैचारिक लहरों की गहराई में पैठ कर अनमोल मोती चुनने वाले नगण्य व्यक्ति ही, इतिहास के पृष्ठों की मुख्य गणना में महत्वपूर्ण स्थान पा जाते हैं। ऐसा ही एक व्यक्तित्व है श्री वीरेन्द्र गुप्त:। श्री गुप्त: जी के जीवन की एक ऐसी ही घटना ने "इच्छानुसार सन्तान" जैसी अमूल्य धरोहर का निर्माण किया। जब से लेकर आज तक श्री गुप्त: जी ऐसे ही अमूल्य ४७ दुर्लभ साहित्यिक रत्न समाज को देकर कृतार्थ कर चुके हैं।

जिसके लिये भारतीय समाज की ओर से ७ जनवरी १९९६ दिन रविवार को लब्ध प्रतिष्ठित संस्थान "वेद संस्थान" के तत्वाधान में आर्य मनीषी प्रो० शेर सिंह जी, पूर्व रक्षा राज्य मन्त्री, भारत सरकार एवं डा० भारत भूषण जी अध्यक्ष वेद विभाग गुरुकुल काँगड़ी हरिद्वार, के द्वारा नागरिक अभिनन्दन एवं अभिनन्दन ग्रन्थ और शाल भेंट किया गया, जिसमें अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी श्री गुप्त: जी का अभिनन्दन किया तथा प्रार्थना की कि इसी प्रकार आगे भी भारतीय समाज का ही नहीं वरन् समूची मानव जाति का मार्ग प्रशस्त करते रहें।

इसी क्रम में श्री वीरेन्द्र गुप्त: जी की यह नवीनतम कृति "वेद उद्‌गीत" मानव समाज की अमूल्य धरोहर है। इस कृति के माध्यम से श्री गुप्त: जी ने 'वेद' की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाने वालों का मुँह ही बन्द नहीं किया है वरन् 'वेद' वाणी को जिस प्रकार हमारे पूर्वज महर्षियों ने सुरक्षा कवच व कसौटी प्रदान की उसका पूर्ण विवरण दिया है तथा 'वेद मन्त्रों' के साथ खिलवाड़ करने की चेष्टा करने वालों की समस्त सम्भावनाओं को भी ध्वस्त कर दिया है।

विजय कुमार
प्रकाशन सचिव
वेद संस्थान, मुरादाबाद

श्रीमती शैल गुप्ता एवं श्री सतीश चन्द्र गुप्ता
(एडवोकेट)

श्रीमती विजय लक्ष्मी एवं श्री रामअवतार जी
(रम्मन बाबू)

वेद गद्गीत | वीरेन्द्र गुप्तः

।।ओ३म्।।

पूर्वावलोकन

क्रान्तिकारी आर्य सन्यासी स्वामी काव्यानन्द सरस्वती जी महाराज का १९८१ ई० में आर्य समाज मण्डी बाँस, मुरादाबाद में आगमन हुआ था। उनके प्रवचन से यह ज्ञात हुआ कि वेद पाठ की संहिता–पाठ के साथ–साथ १० प्रकार के और पाठ भी होते हैं। यह सुनकर मेरी जिज्ञासा बढ़ी और मैंने उनसे इसी उत्सुकता के साथ भेंट की, कि वह १० पाठ कौन–कौन से होते हैं। स्वामी काव्यानन्द जी ने उन पाठों के नाम मुझे नोट कराये और मैसूर में पौराणिक पंडितों से हुए शास्त्रार्थ की चर्चा भी की। उसी समय स्वामी जी महाराज ने गायत्री मन्त्र को 'जटा' पाठ में सुनाया था। मैंने उसे १९८३ ई० में प्रकाशित पुस्तक 'दस नियम' में अंकित किया है।

कुछ समय के पश्चात् मन में यह जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि यह जाना जाय कि उक्त पाठों के पाठ क्रम क्या हैं और यह पाठ किस प्रकार से होते हैं। देवयोग से स्वामी काव्यनन्द जी महाराज स्वर्ग सिधार गये और आगे पाठों के बारे में कोई जानकारी न मिल सकी, परन्तु मैं इसकी खोज में लगा ही रहा।

कई विद्वानों से चर्चा भी की परन्तु कोई समाधान न मिला। लगभग १९९१ ई० के आस पास आर्य समाज स्टेशन रोड, मुरादाबाद पर वेद सम्मेलन का आयोजन हुआ था उसमें गुरुकुल काँगड़ी, हरिद्वार से डा० भारत भूषण जी आये थे उन्होंने अपने प्रवचन में इन पाठों की चर्चा १,२,३ की गिनती से की थी। मुझे कुछ आशा बनी और मैंने डा० भारत भूषण जी को पत्र लिखा परन्तु बहुत समय तक कोई उत्तर नहीं आया। १९९५ ई० में आर्य समाज मण्डी बाँस, मुरादाबाद के वार्षिकोत्सव पर डा० भारत भूषण जी का आगमन हुआ और उन्होंने मेरी दुकान पर आने की महान् कृपा की। मैंने उनसे पुनः उन पाठों के विषय में चर्चा की, तो बताया कि मैंने इस विषय को सातवलेकर जी के ऋग्वेद मूल में देखा है। मैंने कहा आप उसकी छाया प्रति मेरे पास भेजने की कृपा करें। ७ जनवरी १९९६ ई० के कार्यक्रम में श्री भारत भूषण जी मुरादाबाद आये और वह छाया प्रति मुझे प्राप्त हो गई।

वीरेन्द्र गुप्तः

मैंने श्री अमरनाथ जी से भी इस विषय पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा इस प्रकार की एक पुस्तक मेरे पास है जो मेरी समझ में कुछ नहीं आई, आप उसे देख लें कुछ इसी विषय की ही लगती है, मैं उसे लाकर आपको दूँगा। कुछ ही दिनों के पश्चात् ही वह पुस्तक मेरे पास आ गई। उसमें यही विषय था। इस प्रकार १९८१ ई० में आये विचार का १९९६ ई० में प्रभु कृपा से मूर्त रूप प्राप्त होने का अवसर आया।

वेद की रक्षार्थ इन पाठों की पद्धति हमारे मनीषियों ने बड़े कठोर तप और परिश्रम से सृजित कर सब के हितार्थ प्रस्तुत कर वेद वाणी की पवित्रता को अक्षुण्ण बनाने के लिये किया था। इस वेद पाठ विज्ञान को नष्ट होने से बचाने का प्रयत्न किया पं० स्वामी शिवानन्द तीर्थ परिव्राजक जी महाराज ने। उन्होंने इसे पुस्तक रूप देकर विक्रम सम्वत् १९९४ में तैयार कर प्रकाशित किया। इतनी पुरानी पुस्तक को सुरक्षित रखा आर्य समाज मुजफ्फरपुर के पुस्तकालय ने। अब यह पुस्तक अप्राप्त है। श्री पाद्दामोदर सातवलेकर जी का यह क्रम पाठ ऋग्वेद मूल में अंकित है, जो हर किसी को प्राप्त होना संभव नहीं। मैंने सोचा इसे विधिवत लिखकर प्रकाशित क्यों न किया जाय।

इसक़ी उपादेयता और उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए मैंने इसे 'वेद उद्गीत' के नाम से प्रस्तुत किया है। इस पुस्तक की रचना में जिन विभूतियों का पूर्ण अथवा आंशिक भी सहयोग है, जिनकी हमने यथा स्थान चर्चा भी की है, मैं उन सभी का हृदय से आभारी हूँ। साथ में प्राचीन व्याकरण के प्रकाण्ड पं० वयोवृद्ध पूज्य श्री आचार्य भगवतसहाय जी ने इसकी भूमिका लिखकर इस लघु एवं अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ का जो गौरव बढ़ाया है, वह अव्यक्त है। इस उपकार के लिये मैं आचार्य प्रवर को हृदय से नमन करता हूँ।

वीरेन्द्र गुप्तः

दिव्य छवि

विद्वान् मनीषि अपनी छवि छोड़कर अमर हो जाते हैं। इसी प्रकार पूज्य प्रवर प्राचीन व्याकरण के आचार्य श्रद्धेय भगवत सहाय शर्मा जी भी फाल्गुन शुक्ल पौर्णमासी सम्वत् २०५३ सोमवार २४ मार्च १९९१ को इन्द्रप्रस्थ (देहली) में इस नश्वर पंच भौतिक शरीर के मोह को त्याग कर नवीन जीवन धारण की दिशा की ओर अग्रसर हो, अमर हो गये। वेद उद्गीत की अन्तिम भूमिका २०/७/९६ को लिख कर चिर स्मृति रूप छवि को छोड़ कर सिधार गये।

शंका

सन् १९७५ ई० में 'वेद में क्या है' पुस्तक प्रकाशित की। इस पुस्तक में यजुर्वेद २३। १९ के (गणानां त्वा०) मन्त्र की तुलनात्मक व्याख्या महिधर और महर्षि दयानन्द सरस्वती की दी है। सभी वेद भाष्य कारों ने भट्टोदी दीक्षित रचित सिद्धान्त कौमदी और इतिहास को जोड़कर भाष्य किये हैं, जो नितान्त भ्रामक सिद्ध होते हैं। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने, दण्डी गुरु विरजानन्द जी महाराज के निर्दिष्ट मार्ग के अनुसार अष्टाध्यायी, महाभाष्य, निरुक्त और निघन्टु के द्वारा, इतिहास को छोड़ कर वेद भाष्य किया है। क्योंकि वेद आदि सृष्टि से हैं और इतिहास की रचना बहुत बाद की है। वेद भाष्य करते समय इन बातों का अवश्य ध्यान रखना चाहिये कि हम आदिदैविक, आदिभौतिक, अध्यात्मिक एवं ज्ञान परक, यज्ञ परक और उपासना परक तथा मन्त्र के देवता अर्थात् मन्त्र के विषय को भी ध्यान में रखकर वेद भाष्य करना चाहिये। इसी कारण इनका वेद भाष्य संसार में श्रेष्ठ और उपयोगी माना जाता है।

श्री करपात्री जी महाराज ने वेद भाष्य करने का विचार बनाया। मैंने उनसे सम्पर्क करना चाहा परन्तु न हो सका। इसी बीच साधु समाज के महामन्त्री 'सेवा निवृत प्रधानाचार्य' जी के मुरादाबाद आगमन का समाचार मिला। मैं उनसे मिलने गया और एक पुस्तक 'वेद में क्या है' भेंट की। मैंने कहा—श्री करपात्री जी वेद भाष्य का

विचार बना रहे हैं। यदि ऐसा है तो मैं उनके पास एक विचार भेजना चाहता हूँ कि वह भट्टोदी दीक्षित की सिद्धान्त कौमदी और इतिहास को छोड़ कर, अष्टाध्यायी महाभाष्य, निरुक्त और निघण्टु के सहयोग से वेद भाष्य करें तो समाज का बहुत बड़ा कल्याण होगा। करपात्री जी इस कार्य को न कर पाये और गोलोक सिधार गये।

हमारे सभी प्राचीन ग्रन्थों में लगभग एक हजार वर्ष पूर्व से मिलावट का कार्य युद्धस्तर पर प्रारम्भ हुआ। हमारा कोई भी ग्रन्थ इस महामारी के प्रकोप के भाजन से बच नहीं पाया। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी महाराज आर्य समाज के दस नियमों के तीसरे नियम में कहते हैं कि 'वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है' यह घोषणा कैसे कर दी? क्या उन्होंने वेद के एक—एक मन्त्र का किसी प्रयोगशाला में बैठकर परीक्षण किया था? हमारा यह प्रश्न है। क्या अन्य ग्रन्थों के साथ मिलावट की महामारी के कुचक्र से वेद अछूते बचे रहे होंगे? इसमें हमें सन्देह है। जब विषाक्त—पन सारे में व्यापा हुआ हो तो उससे वेद कैसे अछूते रह सकेंगे? यह शंका स्वाभाविक है और इसका समाधान होना ही चाहिये।

वेद की भी एक प्रयोगशाला है। उसके आठ केन्द्र हैं, इनको वेद चर्चन केन्द्र कहते हैं। हर केन्द्र के विद्वान् को घनान्त वेद पाठी कहते हैं। चारो वेदों के मन्त्रों के एक—एक अक्षर को इन आठों वेद चर्चन केन्द्रों में जाकर घनान्त वेद पाठी विद्वानों से पाठों को सुनकर ऋषिवर दयानन्द ने कठोर परिश्रम से एक—एक अक्षर, पद, पाठ आदि को शुद्ध करके ही स्वीकार किया इसके पश्चात् ही घोषित किया कि 'वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है।' हमने इन चर्चन वेद पाठों की आगे चर्चा की है।

कुछ महानुभावों का कथन है कि वेदों के बहुत से मन्त्र अभी भी अप्राप्त हैं और कुछ का मानना है कि वेदों में आवश्यकता के अनुसार अनेकबार मन्त्रों को बढ़ाया गया है। यह दोनों ही चर्चायें नितान्त मिथ्या और भ्रम को उत्पन्न करने वाली हैं। मेरा मानना है कि वर्तमान समय में महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती जी महाराज जैसा वेदों का अन्वेषक और खोजक संसार में कोई नहीं हुआ। उन्होंने अपनी सम्पूर्ण समाधिस्थ शक्ति और सामर्थ्य को लगा कर वेदों के सर्वाङ्गों की परिपूर्णता प्राप्त करके ही प्रस्तुत किये और 'वेद सब सत्य

विद्याओं का पुस्तक है' की घोषणा की अर्थात् वेदों में न कोई मन्त्र कम है और न कभी कोई मन्त्र बढ़ाया गया है। वेद जैसा आदि सृष्टि में थे वैसे ही आज तक विद्यमान हैं।

संसार में बहुत से वेद—भाष्यकार रहे हैं। सायणाचार्य, महीधर, उव्वट, गौरधर, धर्मदेव विद्यामार्तण्ड, पं० जयदेव, अनन्ताचार्य, हलायुध, हरि शरण, मैक्समूलर, रोजन, विलियम, आदि अनेक वेद—भाष्यकार हैं, इन सबकी नामावली मैंने वेदांग परिचय में दी है। इनमें से किसी ने भी वेद मन्त्रों के अप्राप्त होने की अथवा समय—समय पर बढ़ाये जाने की कोई चर्चा ही नहीं की। इससे यह दोनों आपत्तियाँ स्वत: निर्मूल हो जाती हैं। इस प्रकार की शंकायें वे ही पुरुष उठाते हैं जिन्होंने वेद देखे तक भी नहीं। कुछ ऐसे भी पुरुष हो सकते हैं, जिन्होंने दूसरों को प्रभावित करने के लिये वेद तो अपने पास रख छोड़े हैं परन्तु उनका स्वाध्याय नहीं किया।

हम ऋषि दयानन्द को तो मानते हैं परन्तु ऋषि दयानन्द का निर्देश नहीं मानते। बस यहीं भ्रम पैदा हो जाता है। हम ऋषि दयानन्द को माने या न माने परन्तु ऋषि दयानन्द के निर्देश को माने और उसी पर दृढ़ता पूर्वक विश्वास करें और व्यवहार करें तो हमारी सारी शंकाओं का समाधान होता चला जायेगा।

आप्त पुरुष योगीराज श्री कृष्ण का सातवें वैवस्वत मन्वन्तर की २८ वीं चतुर्युगी के द्वापर ८, ६३, ९१६ वें वर्ष के भाद्रपद कृष्ण अष्टमी बुद्धवार रोहणी नक्षत्र में अर्द्ध रात्रि के समय मामा कंस की कारागार में वसुदेव की गृहस्वामिनी (पत्नी) देवकी के गर्भ से कलिकाल प्रारम्भ होने से ८४ वर्ष पूर्व अर्थात् विक्रम सम्वत् २०५८ तथा ईसवीं २००१ से अर्थात् कलिकाल ५१०२ में ८४ मिलाकर अब से ५१८६ वर्ष पूर्व हुआ था।

श्री कृष्ण को ७ वर्ष की आयु में ही विद्या प्राप्ति के लिये सन्दीपन गुरु के आश्रम पर भेज दिया। कठोर तप से श्रीकृष्ण ने ११ वर्ष में ही वेद चर्चन विद्या के विकृति पाठों की भी पूर्ण योग्यता प्राप्त कर 'घनान्त' उपाधि से अलंकृत हुए थे। सामवेद जो पूर्ण गायन का वेद है उस पर श्री कृष्ण जी का पूर्ण अधिकार था, वह वेद चर्चन के पाठों का ही मुरली पर मधुर स्वर से गायन करते थे। यही

घनान्त उपाधि आगे चलकर घनश्याम रूप में चर्चित होने लगी।

महाभारत के भयंकर विनाशकारी युद्ध ने बड़े—बड़े विद्वान्, घनान्त वेद पाठी, महारथी, योद्धा आदि सभी को गहरी नींद सुलाकर भारत भूमि को घनान्त वेद पाठी विद्वानों और योद्धाओं से शून्य कर दिया। विद्या का सूर्य भारत भूमि से अस्ताचल की ओर जाने लगा। परिणाम स्वरूप भारतवासी अविद्या अंधकार में गोते लगाने लगे। नाना प्रकार के अनेकों मतमतान्तर उपजने लगे।

पाणिनी ऋषि ने वेद व्याकरण की स्थापना कर अष्टाध्यायी की रचना की। पतञ्जली ऋषि ने अष्टाध्यायी पर महाभाष्य तैयार किया और काश्मीर निवासी आचार्य कय्यट ने महाभाष्य पर एक और वृहद् भाष्य तैयार किया। स्वामी पूर्णानन्द जी ने प्रज्ञा चक्षु विरजानन्द को अष्टाध्यायी की व्याकरण का पूर्ण ज्ञानोपदेश दिया और दण्डी गुरु विरजानन्द जी ने अखण्ड ब्रह्मचारी महर्षि दयानन्द को अपने परमज्ञानी, सुयोग्य शिष्य के रूप में दीक्षित कर वेद ज्ञान की रक्षार्थ भारत माता को अर्पित कर दिया। गुरुदेव दयानन्द सरस्वती जी महाराज ने वेद चर्चन प्रयोगशालाओं के घनान्त वेद पाठियों के पास जाकर चारो वेदों के प्रत्येक मन्त्र के एक—एक अक्षर की शुद्धता को प्रमाणित करके सबके सामने प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार वेदों की सत्यता, शुद्धता और परिपूर्णता पर लगे सारे प्रश्न चिन्हों का पूर्ण समाधान हो जाता है, और वेदों की शुद्धता और परिपूर्णता की प्रामाणिकता सिद्ध हो जाती है।

द्वे वचसी

अरबों वर्ष पहले समाधि–अवस्था में होकर चार ऋषियों ने अपने अन्तस् में स्फुरित जिस ईश्वरीय ज्ञान को श्रवण किया था उसकी श्रुति संज्ञा है – 'तं प्रत्नास ऋषयो दीध्यानाः पुरो विप्रा दधिरे मन्द्रजिह्वम्' (ऋग्० ४–५०–१)।

प्राचीन काल में शिष्य वेदों को गुरुमुख से श्रवण कर कण्ठस्थ कर लिया करते थे। इसलिये भी गुरु से सुनने के कारण इसे 'श्रुति' कहा जाता है। 'श्रुति' की रक्षा हमारे मनीषी विद्वानों ने विभिन्न प्रकार के इसके पाठों द्वारा की है और ब्राह्मणेन निष्कारण षडण्गों वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च' इस पातञ्जल–कथन को सार्थक किया है, ऐसे विप्रों, ऋषियों के चरणों में सादर नमन करने को मन करता है–'अधीतम ध्यापितमर्जितं यशः न शोचनीयं किमपीह विद्यते'।

सस्वर वेद पाठ का विशेष महत्व है। हमारे संस्कृत साहित्य में विशेषकर धर्मशास्त्र ग्रन्थों में मध्यकाल में स्वार्थी लोगों द्वारा प्रक्षेप किये गये। जिस कारण समाज में वैमनस्यता, चीन की दीवार की तरह आज हमारे सम्मुख खड़ी है। परन्तु वैदिक संहिताओं में यह प्रक्षेप संभव नहीं हो पाया। इसका जो एक मात्र कारण है वह मन्त्रों का सस्वर वाचन ही है जो विभिन्न 'विकृति पाठों' द्वारा होता है। आधुनिक युग में भी समाज में पनपी कई कुरीतियों, जैसे–सतीप्रथा, मूर्तिपूजा आदि गलत परम्पराओं को भी तथाकथित वेदविद्वानों ने वेद से सिद्ध करने का दुःसाहस किया। जिसका सटीक निराकरण तत्तत् मन्त्रों के विकृतपाठों द्वारा किया गया। ऐसे कुछ उदाहरण हैं–

१– न तस्य प्रतिमा अस्ति (यजु०)

२– पत्नीरविधवा–योनिमग्रे (ऋग्०)

उपर्युक्त उदाहरणों में प्रथम में 'न' उदात्त का 'तस्य' स्वरित के साथ मेलकर 'नतस्य' करने का दुःसाहस किया गया। जबकि उदात्त का स्वरित के साथ मेल नहीं होता है। द्वितीय उदाहरण में 'योनिम् अग्रे' के स्थान पर 'योनिम् अग्ने' और 'पत्नीरविधवा' को पत्नीः विधवा' करने का दुःसाहस किया गया। यदि सस्वर वेदपाठ की परम्परा इस देश में न होती तो यह निश्चित था कि वेदों में भी

मिलावट हों गयी होती।

स्वामी दयानन्द जी ने वेदों के तत्कालीन सस्वर वेदपाठियों से सस्वर वेदपाठ का श्रवणकर वेदों की चार संहिताओं को ही प्रामाणिक माना था।

स्वतन्त्र भारत में आर्य समाजी क्षेत्र में पहलीबार सस्वर वेदपाठ करने के सामान्य नियमों का परिचय देने वाली पुस्तक 'वेद–उद्गीत' को मैंने आद्योपान्त पढ़ा। इसको श्री वीरेन्द्र गुप्त: जी ने बड़ी ही लगन से वर्षों के परिश्रम से लिखा है। स्वयं वेदाङ्गों के विद्वान न होते हुए भी अपने अध्यवसाय से इतना उत्तम ग्रन्थ लिखना निश्चय ही लेखक के स्तुत्य प्रयास को उजागर करता है।

यों तो वीरेन्द्र जी आर्यसमाज के मिशनरी व्यक्ति हैं। इन्होंने अनेक प्रामाणिक पुस्तकें लिखी हैं। जिनमें 'वैदिक विवाह संस्कार पद्धति' से मैं आज तक वहुत प्रभावित था। अब ज्यों–ज्यों इनकी पुस्तकें पढ़ने को मिली त्यों–त्यों मेरी श्रद्धा इनके प्रति बढ़ती गई। परमात्मा से प्रार्थना है कि इन्हें उत्तम स्वास्थ्य मिले और इसी प्रकार समाज की सेवा करते रहें।

प्रस्तुत पुस्तक आर्यसमाज के क्षेत्र में ही नहीं अपितु जहां–जहां भी वेद–ध्वनि गुंजायमान होती है वहाँ सर्वत्र आदर प्राप्त करेगी–ऐसी आशा है। इन्हीं शब्दों के साथ –

विदुषां वशंवद:

हरिद्वार
(ऋपिवोधोत्सव
मार्च, २००२)

डा० भारतभूपण विद्यालंकार
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, वेद
एवं
डीन प्राच्यविद्या संकाय
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय,
हरिद्वार–२४९ ४०४

ओ३म्

भूमिका

ओ३म् स्वस्तिपन्थामनुचरेम सूर्या चन्द्रमसाविव।

स्वाध्यायान्मा प्रमदः।

भारत की प्राचीन परम्परा थी सभी वर्गों के बालक आचार्य के अन्तेवासी बनकर शिक्षा ग्रहण करते थे। दीक्षा के समय उनका उपनयन तथा वेदारम्भ संस्कार होता था। सभी के साथ समान व्यवहार किया जाता। राजा और रंक धनपति या निर्धन की दृष्टि से कोई अन्तर नहीं होता था। इसके अनेक उदाहरण सामने आते हैं। श्रीकृष्ण और सुदामा ने सद्भाव से सन्दीपन गुरु के आश्रम में रहकर शिक्षा ग्रहण की। संस्कृत साहित्य के मूर्धन्य विद्वान् एवं कवि वाण भट्ट ने अपनी विश्व विख्यात कादम्बरी में उल्लेख किया है कि महाराज तारापीड ने अपने पुत्र चन्द्रापीड के शिक्षा ग्रहण निमित्त राजधानी से बाहर विद्या मन्दिर बनवाया, जिसमें विभिन्न विषयों के योग्यतम विद्वानों को प्रतिष्ठित किया। जबकी वह राजधानी में ही राजकुमार की शिक्षा की सुन्दर व्यवस्था कर सकते थे। ऐसा क्यों?

१. बालक गुरुकुल में रह कर विद्या, बुद्धि और बल का संचय करते हुए विनय भी ग्रहण करता था। क्योंकि विद्या की सर्वप्रथम देन है विनय। "विद्या ददाति विनयम्" विद्या विनय देती है, विनय से पात्रता (योग्यता) आती है। पात्रता ही सब गुणों की जननी है।

२. तिर्यग् योनि (पशु—पक्षी) में सहज ज्ञान की प्रबलता होती है किन्तु मानव में संसर्ग ज्ञान प्रमुख रहता है, गाय के ३,४ दिन के बच्चे को नदी या सरोवर में डाल दीजिये—स्वयं तैरने लगेगा किन्तु मानव बड़ा होकर भी बिना अभ्यास के जल में स्वयं नहीं तैर सकता। संसर्ग जन्य गुणों की प्राप्ति के लिये बालक को समवयस्क का संसर्ग आवश्यक है।

३. गुरुकुल में रहकर बालक में सुहृद् भाव एवं समभाव बद्ध मूल हो जाता है। इसके लिये कृपया 'नरोत्तमदास' का 'सुदामा चरित' पढें। मध्य काल युग में गुरुकुल प्रणाली लुप्त प्राय हो गई। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी महाराज ने उसे पुनः प्रतिष्ठित किया। वर्तमान

गुरुकुलों में शिक्षा प्राप्त अनेक मेधावी स्नातक समाज को मिले, जिन्होंने वैदिक दिशा में प्रशस्य कार्य किया।

शिक्षा सम्पन्न हो ने पर जब बालक को गृहस्थ आश्रम के योग्य समझते थे तब द्वितीय आश्रम में प्रवेश की अनुमति देते थें। यह आश्रम बड़ा दायित्व पूर्ण है।

यथा नदी नदाः सर्वे सागरे यान्ति संस्थितिम्।
तथैवाश्रमिणः सर्वे गृहस्थे यान्ति सं स्थितिम्।।

जिस प्रकार नदी—नद सागर में आश्रय पाते हैं। उसी प्रकार सभी आश्रमी गृहस्थ का आश्रय लेते हैं, चारों आश्रमों में केवल यही एक आश्रम उपार्जन करता है शेष तीन इसी पर निर्भर करते हैं। सद् गृहस्थ की यह भावना होती थी।

कबिरा इतना चाहिये जामे कुटुम्ब समाय।
मैं भी भूखा न रहूँ साधु न भूखा जाय।।

इसी भावना से गृहस्थ सभी आश्रमियों की सेवा करते थे। विद्या, बुद्धि और बल से युक्त अन्तेवासी को आचार्य समावर्त्तन संस्कार (दीक्षान्त समारोह) के उपदेश देते थे।

सत्यंवद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः।

सदा सत्य बोलो। धर्म का आचरण करो। स्वाध्याय में कभी प्रमाद मत करो। प्रथम दो वाक्यों की यहाँ व्याख्या नहीं कर रहा हूँ। इतना कहकर ही लेखनी को इस विषय में विराम देता हूँ।

सत्ये सर्वं प्रतिष्ठितम्। धर्मो धारयति प्रजा:।

अब मैं तृतीय वाक्य 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः' के विवेचना की ओर ध्यान आकृष्ट करता हूँ। गृहस्थ आश्रम प्रवेश करके भी अन्य कार्य—कलापों की भाँति स्वाध्याय भी परम अपेक्षणीय है। 'भिन्न रुचि र्हिलोकः' के अनुसार रुचि या प्रवृत्ति भले ही पृथक्—पृथक् हो किन्तु उसकी उपादेयतायें किसी को विमति नहीं। हमारे भारतवर्ष के प्रथम प्रधानमंत्री माननीय पं० जवाहरलाल नेहरू अपने अति व्यस्त क्षणों में से स्वाध्याय को बराबर समय देते थे, उनके प्रकाशन ही इसके साक्षी हैं। यही प्रवृत्ति अन्य नेताओं और राज नेताओं की रही है।

हमारे परम आत्मीय श्री वीरेन्द्र गुप्तः जी स्वाध्याय के कारण ही यहाँ तक पहुँचे हैं। स्वाध्याय के फल स्वरूप उनका व्यक्तित्व जब जनता के सामने आया तो और भी प्रखर हो उठा। कुछ दिन पूर्व उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर गुणी एवं गुणग्राही महानुभावों ने उनका सार्वजनिक एवं सर्वजनीन अभिनन्दन किया। जिसमें अनेक

गण—मान्य विद्वान् सहृदय साहित्यिक समाज सेवी नेताओं और राजनेताओं ने समारोह में पधार कर उसे सफल बनाया, जिससे गुप्तः जी के मनोबल को और बल मिला, साथ ही इस दिशा में उनका उत्साह पथ और प्रशस्त बन गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे अपने ध्येय में सदा सफल रहें।

हमारा भारतीय वाङ्मय दो प्रकार का है—
१— वैदिक वाङ्मय २— लौकिक वाङ्मय। दोनों प्रकार के वाङ्मय अत्यन्त समृद्ध तथा सर्वथा मौलिक हैं। चारों वेद (मूल पाठ) ऋग् यजुः, साम और अथर्व एवं इन वेदों के क्रमशः चार ब्राह्मण ग्रन्थ, चारों के आरण्यक, उपवेद, गृह्यसूत्र, स्मृतियाँ, उपांग शास्त्र, और उपनिषद् वैदिक वाङ्मय के अन्तर्गत आते हैं, शेष सभी वाङ्मय लौकिक वाङ्मय माना जाता है। लौकिक वाङ्मय से विविध विषयों का ज्ञान तथा मानसिक सन्तुष्टि मिलती है, किन्तु आध्यात्मिक तृप्ति एवं अन्तश्चेतना वैदिक वाङ्मय से ही मिलती है। प्रायः सभी मनीषी लौकिक को ही अपने स्वाध्याय का विषय बनाते हैं। वैदिक की ओर कम ही आकर्षित होते हैं। किन्तु हमारे गुप्तः जी का वैदिक स्वाध्याय की ओर अधिक झुकाव रहा है, उसी के फल स्वरूप 'वेद—उद्गीत' नामक ग्रन्थ आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस ग्रन्थ की उपादेयता के बारे में लेखक महोदय ने अपने 'पूर्वावलोकन' में जो लिखा है, उससे आगे अब और लिखना शेष नहीं रह जाता, फिर भी यह ग्रन्थ समीक्षार्थ निबन्धात्मक लघु लेख की अपेक्षा रखता है। इस समय में कुछ अस्वस्थ हूँ, अवस्था भी पर्याप्त आ चुकी है, सामर्थ्य होने पर लिखने का प्रयास करुँगा। इस ग्रन्थ को पाने के लिये गुप्तः जी ने जो लम्बा प्रयास किया वह स्तुत्य है। अन्त में आपने 'जिन खोजा तिन पाइयाँ' सिद्ध कर ही दिया। परम पिता परमात्मा से प्रार्थना है कि आपका स्वाध्याय सत्र अविरत गति से आगे बढ़ता रहे तथा पाठक वृन्द इसे अपना कर अपनी सहृदयता का परिचय देते रहें।

द्वितीय आषाढ़ शुक्लपक्ष चतुर्थी
शनिवार सं० २०५३ २०/७/९६

शुभकामनाओं के साथ—
विदुषीं वंशवद
भगवत सहाय शर्मा आचार्य

।।ओ३म्।।

अथ वेद उद्गीतानुशासनम्

वन्दना

यथा वशन्ति देवास्तथेदसत्तदेषां नकिरा मिनत्।

अरावा चन मर्त्यः।।

ऋग्वेद ८। २८। ४

विद्वान्, तेजस्वी, उत्तमजन जैसा चाहते हैं उनकी वह इच्छा वैसी ही सफल होती है। अदानशील, मूर्ख मुनष्य उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता।

अभि वेना अनूषतेयक्षन्ति प्रचेतसः।

मज्जन्त्यविचेतसः।।

ऋग्वेद ९। ६४। २१

रक्षक पुरुष उसकी स्तुति करते हैं। उत्तम चित्त वाले उसकी पूजा करते हैं। मिथ्या बुद्धि वाले जन डूब जाते हैं।

वेद उद्गीत

मानव अपनी स्वार्थ सिद्धि की पुष्टि के लिये सर्वोच्च सिद्धान्त में पाठ भेद कर के अर्थों को अपने अनुकूल रचने के लिये किसी भी भावना, विचार धारा और ज्ञान के स्वरूप को बदलने में कुछ भी संकोच नहीं करता और न ही भय का अनुभव करता है। मानव की प्रकृति है कि वह अंकुश में नहीं रहना चाहता, परन्तु इसमें दोष यही है कि वह अंकुश रहित होने पर निरंकुश भी हो जाता है।

हमारे मनीषियों ने मानव की इस प्रकृति को भली प्रकार जान लिया था। तभी उन दिव्य द्रष्टा ऋषियों ने प्रभु की परम पवित्र वेद वाणी की सुरक्षा के लिये एक दुर्ग का निर्माण किया उस दुर्ग का नाम था 'वेद चर्चन दुर्ग'। इस वेद चर्चन विधि दुर्ग में वेद मन्त्रों के विकृति पाठ की आठ रक्षा पंक्तियाँ नियुक्त की गईं। कुछ रक्षा पंक्तियों को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिये उनके साथ उपरक्षा पंक्तियों को भी सज्जित किया गया था। इस प्रकार की व्यूह रचना से वेद चर्चन दुर्ग को सुदृढ़ बनाया गया। वह किस लिये? वेद के पवित्र ज्ञान को सुरक्षित रखने के लिये। यह प्रयास किया गया और इस सुदृढ़ दुर्ग के मध्य में रखा गया वेद। जो १, ९६, ०८, ५३, १०३ वर्ष से आज तक उस दिव्य ज्ञान की पवित्रता बनी हुई है। हालाँकि अनेक बार इस पवित्र ज्ञान को दूषित और भ्रष्ट करने का कुचक्र किया गया, परन्तु वह कभी सफल न हो सके, वेद चर्चन दुर्ग की इन रक्षा पंक्तियाँ ने समय—समय पर उन कुचक्रियों को करारी चोट दी और धराशायी भी कर दिया। इन रक्षा पंक्तियों के नाम इस प्रकार से हैं। प्रथम की तीन पंक्तियाँ सामान्य कही जाती हैं। १— संहिता पाठ, २— पदपाठ, ३— क्रमपाठ। इसके पश्चात् विकृति पाठों की रक्षा पंक्तियाँ इस प्रकार से हैं। १— जटापाठ, २— माला पाठ, ३— शिखा पाठ, ४— रेखा पाठ, ५— ध्वजपाठ, ६— दण्ड पाठ, ७— रथ पाठ, ८— घन पाठ।

इन्हीं पाठों ने वेद मन्त्रों में प्रक्षिप्त अंशों की मिलावट करने वालों से वेद मन्त्रों की पवित्रता को सुरक्षित रखा है। तिस पर भी पौराणिक बन्धुओं ने यजुर्वेद ३२।३ के मन्त्र को बिगाड़ने का प्रयत्न किया। उन्होंने "न तस्य प्रतिमा अस्ति" जिसका अर्थ होता है

'उसकी कोई प्रतिमा नहीं' को बदल कर ''नतस्य प्रतिमा अस्ति'' कर दिया जिसका अर्थ बताया (नतस्य नम्रीभूतस्य तस्य प्रतिमा अस्ति) नम्र रूप को धारण करने वाले, उसकी प्रतिमा है। इस अशुद्ध पाठ के ऊपर क्रान्तिकारी आर्य सन्यासी स्वामी काव्यानन्द सरस्वती जी महाराज का मैसूर में दाक्षिणात्य वेद पाठी विद्वानों के सामने पौराणिक पण्डितों से शास्त्रार्थ हुआ और स्वामी जी ने उपरोक्त पाठों के द्वारा मन्त्र को प्रस्तुत करके सिद्ध कर दिया कि 'न' उदात्त है, 'तस्य' स्वरित है। उदात्त और स्वरित की सन्धि नहीं होती। सन्धि उदात्त—उदात्त की, अनुदात्त—अनुदात्त की और स्वरित—स्वरित की होती है। सवर्णी होने पर तो उदात्त—अनुदात्त की सन्धि हो सकती है और सवर्णी स्वरों में ही होते हैं। परन्तु व्यंजनों में सवर्णी सन्धि नहीं हो सकती। इसलिये यह पाठ ''नतस्य'' नहीं ''न तस्य'' ही है। इस घोषणा को दाक्षिणात्य घनान्त वेद पाठी विद्वानों ने भी स्वीकार किया। इसी कारण हमारे धर्म ग्रन्थ चारों वेद सुरक्षित हैं।

बंगाल प्रदेश में सतीदाह प्रथा का ताण्डव भयंकर रूप से छाया हुआ था, इस ताण्डव ने मातृत्व शाक्ति को अपमानित ही नहीं किया वरन् विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया था। इस भयंकर ज्वालाओं में ध्वस्त होते हुए समाज को देखकर महामानव राजा राममोहन राय का मन चीत्कार कर उठा, उन्होंने इस प्रथा को समाप्त करने के लिये 'ब्रह्म समाज' की स्थापना की। कट्टरवादी पंडितों ने इस का भरपूर विरोध किया, परन्तु राजा राममोहन राय अपने कार्य में लगे रहे। राजा राममोहन राय ने इस विनाश कारी सतीदाह प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिये तथा नियमानुसार प्रतिबन्धित कराने के लिये तत्कालीन भारत के गर्वनर जनरल लार्ड विलियम वैंटिक के समय में कलकत्ता (वर्त्तमान में कोलकाता) उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की। इस का पौराणिक पंडितों ने विरोध किया और अपने पक्ष की पुष्टि में ऋग्वेद के उक्त मन्त्र को प्रस्तुत किया—

इमा नारीरविधवः सुपत्नीरंजनेन सर्पिषा सं विशन्तु।
अनश्रवोऽनमीवाः सुरत्ना आ रोहन्तु जनयो योनिमग्रे।।

ऋग्वेद १०। १८। ७

पदार्थ—(इमाः) ये (अविधवाः) पति से युक्त (नारीः) स्त्रियाँ (सुपत्नीः) पति की पतिव्रता बनकर (अंजनेन सर्पिषा) घृतादि गंधयुक्त

पदार्थ से शोभित हो (सं विशन्तु) स्वगृह में प्रवेश करें। वे (अनश्रव:) अश्रु से रहित (अनमीवा:) रोग रहित, (सुरत्ना:) सुन्दर रत्न एवं रम्य गुणों वाली (जनय:) सन्तानों को जन्म देने में समर्थ स्त्रियाँ (अग्रे) आदर सहित पहले (योनिम् आ रोहन्त) गृह में प्रवेश करें।

भाव—पतिव्रता नारियाँ घृतादि गंधयुक्त पदार्थों से सुशोभित होकर स्वगृह में प्रविष्ट हों। वे अश्रु रहित, रोग रहित, सुन्दर रत्न एवं गुणवान् सन्तानों को जन्म देने में समर्थ नारियाँ आंदर से घर में आयें।

बंगाल के पंडितों ने सतीदाह प्रथा की पुष्टि में इस मन्त्र को प्रस्तुत किया, जबकी इस मन्त्र में सतीदाह कृत्य के बारे में कोई चर्चा नहीं है। इस मन्त्र में बंगाल के पंडितों ने दो स्थानों पर भेद करके प्रस्तुत किया।

१— (नारीरविधवा:) इस का पदच्छेद बनता है 'नारी—अविधवा:' जिसे बदल कर 'नारी—विधवा:' कर दिया। पदच्छेद के समय 'र' का 'अ' बन गया, बंगाल के पंडितों ने (र) को ही हटा दिया और आगे के अर्थ वही लेकर 'पतिव्रता, घृतादि सुगन्धित पदार्थ से शोभित, अश्रु रहित होकर'।

२— (योनिमग्रे) जिसका अर्थ है 'आदर सहित गृह में प्रवेश कर' करें। को बदल कर 'योनिमग्ने' कर जिसका अर्थ किया 'अग्नि में प्रवेश कर' कर दिया।

उस महामानव के मन में विचार उठा, जो आदि ग्रन्थ 'वेद' पवित्र ज्ञान से भरपूर है उसमें ऐसे जघन्य कृत्य की कैसे आज्ञा हो सकती है। उन्होंने बहुत से पंडितों से चर्चा की पर कोई समाधान न मिला। अनेक जगह पत्राचार किया तब जाकर दक्षिण के पंडितों की जानकारी मिली। राजा मनमोहन राय ने दक्षिण से घनान्त वेद पाठी विद्वान् पंडित को बुलाकर उनके द्वारा उक्त मन्त्र को जटा पाठ में प्रस्तुत कर यह सिद्ध कर दिया कि 'नारीरविधवा:' का पदच्छेद 'नारी अविधवा:' ही बनेगा और 'योनिमग्ने' नहीं यह 'योनिमग्रे' ही है। इस प्रकार माननीय उच्चन्यायालय ने लार्ड विलियम वैन्टिक काल में याचिका स्वीकार की और सतीदाह प्रथा पर रोक लगाने का आदेश प्रसारित किया।

यहाँ पर मैं एक और रहस्य की बात आपके सामने प्रस्तुत करना चाहता हूँ। इस अवस्था में विधवा नारी को 'हींग' जिसे 'गन्धी' भी कहते हैं, २ तोला अर्थात् २०—२५ ग्राम को पानी में घोल

कर पिला देते हैं, जिसे वह विधवा नारी उसे अनिच्छा से भी पीना स्वीकार कर पी लेती है। क्यों? क्योंकि वह जानती है और सर्वत्र देख चुकी है कि जो विधवा हो जाती है उसका किस प्रकार घर, बाहर सब जगह, यहीं तक ही नहीं मांगलिक कार्यों में भी उसका वहाँ उपस्थित होना अशुभ सूचक माना जाने लगा था। इस तिरस्कार को वह सहन नहीं कर पाती, इसी नाते से हींग का पानी पी लेती है। जिसका परिणाम यह होता है कि उसके सारे शरीर में अग्नि भड़क उठती है और वह चिता की आग को देखकर उसी ओर को दौड़ती है और आग में कूद कर अपने आपको आहुत कर देती है। इस घृणित कार्य के ऊपर धूर्त लोग पतिव्रत धर्म पालन की चदरियाँ डाल कर उसे ढ़कना चाहते हैं।

मैक्समूलर ने भारत मन्त्री 'ड्यूक् आफ आर्गायल' को १६ दिसम्बर १८६८ के एक पत्र में लिखा—

"भारत के प्राचीन धर्म का नाश तो अब निश्चित है और यदि ईसाइयत आकर उसका स्थान न ग्रहण करे तो यह किसका दोष होगा?"

सन् १८६८ में अपनी पत्नी के नाम एक पत्र लिखते हुए प्रो० मैक्समूलर ने लिखा—"मुझे आशा है कि मैं उस काम को (वेदों का सम्पादनादि) पूरा कर दूँगा और मुझे निश्चय है कि यद्यपि मैं उसे देखने के लिये जीवित न रहूँगा तो भी मेरा ऋग्वेद का यह संस्करण और वेदों का अनुवाद भारत के भाग्य और लाखों भारतीयों के आत्माओं के विकास पर प्रभाव डालने वाला होगा। यह (वेद) उनके धर्म का मूल है और मूल को दिखा देना, उससे पिछले तीन हजार वर्षों में जो कुछ निकला है उसको मूल सहित उखाड़ देने का सबसे उत्तम प्रकार है।"

अर्थात् मैक्समूलर के द्वारा सम्पादित ऋग्वेद आदि ग्रन्थों के अनुवाद को पढ़कर भारत में पिछले तीन हजार वर्ष में जो वैदिक साहित्य तथा वैदिक धर्म का विकास हुआ है वह सब वेदों सहित नष्ट हो जायगा। दिवा स्वप्न की भाँति मैक्समूलर की इस विचार धारा को उखाड़ फैंका, गुरुदेव दयानन्द जी महाराज के अवतरण ने।

कुछ काल के पश्चात् पादरी पिटर्सन ने भी मैक्समूलर की तरह एक प्रयत्न किया। पिटर्सन ने संस्कृत के लालची विद्वानों से

ईसा की प्रशंसा में संस्कृत भाषा में छन्द तैयार कराये। इन सभी को एकत्रित करके पादरी पिटर्सन ने एक पुस्तक तैयार की, उसका नाम रखा 'यजुर्वेद'। पादरी अपने इस यजुर्वेद का प्रचार करने लगा। वह घूमता—घूमता दक्षिण पहुँचा। वहाँ पर उसने कहा यजुर्वेद में प्रभु ईसा की चर्चा है, यह कहकर उसने अपना यजुर्वेद कई योग्य पढ़े लिखे व्यक्तियों को दिखाया। उन लोगों ने अपने यहाँ के घनान्त वेद पाठी विद्वानों से चर्चा की। इसे सुनकर कई घनान्त वेद पाठी विद्वान पादरी पिटर्सन से मिले और उनके हस्त लिखित यजुर्वेद को देखा और उसे जटा पाठ आदि क्रम से पढ़ा, कहीं कोई तालमेल नहीं बैठ रहा था तब उन्होंने पादरी पिटर्सन को चुनौती दी और कहा तुम इस नकली यजुर्वेद का प्रचार बन्द करो नहीं तो हम तुमको न्यायालय में ले जाकर इस धोखा देई के लिये अपराधी घोषित करायेंगे। इस प्रकार इस नकली यजुर्वेद से मुक्ति मिली और यह नकली यजुर्वेद आज भी इंग्लैण्ड के संग्राहलय में सुरक्षित रखा है। धन के लालच में आज भी अनेक भारतीय विद्वान् देव भाषा संस्कृत का दुरुपयोग कर भारतीय संस्कृति को तिरस्कृत कराने के लिये ईसा आदि की भक्ति के अर्न्तगत लेख लिख रहे हैं। जिससे वे अगामी काल खण्ड में उन लेखों का प्रयोग कर राक्षसी प्रवृत्ति को बढ़ावा देकर, धर्मच्युत कर, जनमानस को दिग्भ्रमित किया जा सके।

आज तक घनान्त वेद पाठी विद्वानों ने इन्हीं पाठों के द्वारा चारों वेदों की पवित्रता को अक्षुण्ण बनाये रखा था, रखा है और प्राण—पण से पवित्रता को अक्षुण्ण बनाये रखेंगे। धन्य हैं हमारे महर्षि और उनकी दूरदर्शिता।

प्रारम्भ के संहिता, पद और क्रम पाठों के ज्ञान का होना अनिवार्य है। साथ में विकृति पाठों में 'जटा पाठ' का जानना भी अति आवश्यक है।

१— जो वेद पाठी जटा धारी है, उसका यह स्वरूप सिद्ध करता है कि वह घनान्त वेद पाठी 'जटा पाठ' का पूर्ण अभ्यासी है।

२— जो घनान्त वेद पाठी कर में अथवा गले में माला धारण करता है, चाहे वह माला पुष्प की हों या मनके ही, यह प्रतिभा चिन्ह 'माला पाठ' घनान्त वेद पाठी का संकेत देता है।

३— जिस वेद पाठी के शीश पर शिखा है तो यह आकृति

चिन्ह 'शिखा पाठ' के पारंगत घनान्त वेद पाठी का है।

४— जिस वेद पाठी विद्वान् के ललाट पर चन्दन की रेखायें लगी होती हैं तो वह इस चिन्ह से विभूशित 'रेखा पाठ' का घनान्त वेद पाठी होता है।

५— जिस वेद पाठी पण्डित के हाथ में ध्वज होता है तो यह आकृति चिन्ह इस बात का संकेत देता है कि यह विद्वान् घनान्त वेद पाठी 'ध्वज़ पाठ' को धारण किये हुए है।

६— जो वेद पाठी अपने कर में सदैव दण्ड को धारण करे रहता है तो वह घनान्त वेद पाठी 'दण्डपाठ' के अभ्यास से विभूपित होता है।

७— जो घनान्त पण्डित पद यात्रा न करके केवल रथ यात्री ही होता है तो वह निश्चय रूप से घनान्त वेद पाठी 'रथ पाठ' की प्रवीणता को अपने पास रखता है।

८— जो घनान्त वेद पाठी अपनी ही कुटिया में निश्चल भाव से स्कम्भ बनकर स्थिर चित्त होकर घन रूप में विराजमान है तो यह प्रकार उस घनान्त वेद पाठी का है जो 'घन पाठ' का सर्व ज्ञाता होता है।

आज के युग में यह सारे चिन्ह केवल कल्पना मात्र ही रह गये है। आडम्बरी साधुओं ने इन्हें धारण कर इनके सत्य स्वरूप को ही नष्ट—भ्रष्ट कर दिया है।

वेद चर्चन विधि

चारो वेदों के स—स्वर पढ़ने की रीति को वेद चर्चन विधि कहते हैं। याज्ञवल्क्य शिक्षा, यजुः प्रातिशाख्य, चरण व्यूह आदि ग्रन्थों में विस्तार से वेदों के पढ़ने की रीति का वर्णन है, उन्हीं ग्रन्थों के भाव को लेकर संक्षेप से चारों वेदों के संहिता आदि पाठ करने की रीति लिखी जाती है।

वेद चार एवं अपौरुषेय

वेद पवित्र ईश्वरीय ज्ञान की अनुपम निरू है, संसार सागर को सुगमता से तरने के लिये सृष्टि के आरम्भ में अमैथुनी सृष्टि में

उत्पन्न अत्यन्त पवित्रतम अन्तःकरण वाले एवं परीक्षा में पूर्ण अंक प्राप्त कर मोक्ष मार्ग की ओर गमन करने वाले अग्नि, वायु, आदित्य, अंगिरा ऋषियों के द्वारा ऋग्, यजुः, साम, अथर्व इन चारों वेदों का ज्ञान स्वयंभू परमेश्वर ने सृष्टि के आदि में दिया था। जो ज्ञान अपौरुषेय और ईश्वर प्रदत्त हैं। वेदों की संख्या के सम्बन्ध में स्वयं ऋग्वेद और अथर्ववेद में आया है—

तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत।।
ऋग्वेद १०। ९०। ९

उस सर्व प्रणेता यजनीय परमेश्वर से ऋचायें (ऋग्वेद) सामवेद प्रकट हुए उसी से छन्द (अथर्ववेद) उत्पन्न हुआ तथा उसी सर्व व्यापक परमेश्वर से यजुः (यजुर्वेद) उत्पन्न हुआ।

यस्मादृचो अपातक्षन् यजुर्यस्मादपाकषन्।
सामानि यस्य लोमान्यथर्वाङ्गिरसो मुखम्।।
अथर्ववेद १०। ७। २०

जिससे ऋग्वेद की ऋचायें प्रकट हुईं और जिससे यजुर्वेद प्रकट हुआ, सामवेद जिसके लोम हैं और अथर्ववेद जो कि जीवन के रस के समान है वह जिसका मुख है उसको तू स्कम्भ कह, वह अत्यन्त सुखमय है।

इस प्रकार वेद की केवल चार पुस्तकें ही हैं और इनमें अपौरुषेय ज्ञान का वर्णन है जिसके अनुसार आचरण करके मनुष्य अपनी जीवन यात्रा में धर्म—अर्थ—काम—मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। इसे और विस्तार से देखें ईश—महिमा पुस्तक में।

चारो वेद मन्त्र गणना

ऋग्वेद १= इसमें ८ अष्टक, ६४ अध्याय, २००३ वर्ग हैं। २=१० मण्डल, १०१७ सूक्त हैं। कुल मन्त्र १०५५२ हैं।

यजुर्वेद = में ४० अध्याय तथा १९७५ मन्त्र हैं।

सामवेद = में पूर्वार्चिक, महानाम्न्यार्चिक, उत्तरार्चिक ये ३ आर्चिक, ८७ साम, २९ अध्याय और १८७५ मन्त्र हैं।

अथर्ववेद = में २० काण्ड, १११ अनुवाक, ७३३ वर्ग और ५९७७ मन्त्र हैं।

चारों वेदों का मन्त्र योग — २०३७९ है।

ऋषि-देवता-स्वरादि

अर्थविज्ञाय एतानि योऽधीते तस्यवीर्यवद्।

शु० य० सर्वानुक्रमणिका

जो ऋषि, छन्द, देवता और स्वर को अच्छी प्रकार जान कर वेद का पाठ करते हैं, उनका वेदपाठ पराक्रम वाला होता है अर्थात् जिस प्रयोजन से पाठ किया जाता है उसके करने में समर्थ होता है अर्थात् पूर्णफल के देने वाला होता है।

यहाँ पर हम प्रत्येक वेद मन्त्र के साथ आये ऋषि, देवता, छन्द और स्वरों पर प्रकाश डालते हैं।

ऋषि

ऋषिर्दर्शनात्। दर्शनं ज्ञानम्।।

वेद ईश्वर का ज्ञान होने से चारों वेदों का परमात्मा ऋषि है। उस ज्ञान का साक्षात्कार करने से प्रत्येक वेद का एक—एक ऋषि हुआ जैसे—ऋग्वेद का ऋषि 'अग्नि', यजुर्वेद का ऋषि 'वायु', सामवेद का ऋषि 'आदित्य' और अथर्ववेद का ऋषि 'अंगिरा' है। समय समय पर जिस जिस ऋषि ने समाधिस्थ होकर मन्त्रों के अर्थों को यथावत् जाना वे 'ऋषि' कहलाये।

ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः।

निरुक्त

चारो वेदों के मन्त्र द्रष्टा ऋषि—प्रजापति, परमेश्वर, विश्वामित्र, मधुच्छन्दा, कश्यप, वशिष्ठ आदि ४५७ ऋषि हैं जिनके नाम 'अनुक्रमणिका बृहद्देवता' आदि ग्रन्थों में दिये हैं। वर्तमान समय के युग में परिव्राजकाचार्य महर्षि दयानन्द सरस्वती जी महाराज चतुर्वेद मन्त्र द्रष्टा एवं वेदोंद्धारक ऋषि बने।

देवता

येनोच्यते सा देवता। प्रतिपाद्य विषयो वा देवता।।

वेदों में मन्त्र के प्रतिपाद्य विषय को देवता कहते हैं अर्थात् वेद के जिस मन्त्र में जिस विषय का वर्णन हो वही विषय उस मन्त्र का देवता कहलांता है। चारो वेदों का ज्ञान, कर्म, उपासना और विज्ञान यह चार मुख्य विषय होते हुए भी ४७६ विषयों का वर्णन है। इस विषय पर जगत् गुरु युग प्रवर्तक वेदोद्धारक महर्षि दयानन्द सरस्वती जी महाराज ने एक ग्रन्थ की रचना की उसका नाम है ''चतुर्वेद मन्त्र विषय सूची'' जिसे पं० विश्वश्रवा जी के प्रयत्नों से परोपकारणी सभा अजमेर ने प्रकाशित किया। वेदों में भिन्न भिन्न विषयों का वर्णन होने पर भी यह चारो वेद उसी प्रभु की महिमा को अंग उपांग के द्वारा गाते हैं।

उपनिषद् साहित्य में आता है—

सर्वेवेदा यत्पदमामनन्ति

छन्द

कविर्मनीषी

यजुर्वेद ४०। ८ में परमेश्वर को ''कविर्मनीषी'' कहा है अर्थात् वह कवि मनीषी है, इसलिये उसका ज्ञान भी काव्य में है 'छन्द' में है। वेद का प्रत्येक मन्त्र किसी न किसी छन्द में बद्ध है। मुख्य छन्द सात हैं। गायत्री छन्द २४ अक्षरों से युक्त होता है, उष्णिक् २८ अक्षर, अनुष्टुप् ३२ अक्षर, बृहती ३६ अक्षर, पंक्ति ४० अक्षर, त्रिष्टुप् ४४ अक्षर, जगती ४८ अक्षरों से युक्त होते हैं। यह छन्द १०४ अक्षरों तक के होते हैं, हमने इसकी चर्चा 'वेदांग परिचय' पुस्तक में की है।

स्वर

संगीत में स्वर सात होते हैं। संस्कृत एवं देवनागरी लिपि वर्णमाला में स्वर १२ होते हैं, वेद मन्त्रों के पाठोच्चारण में स्वर तीन हैं, जिनको उदात्त, अनुदात्त और स्वरित कहते हैं। हम इसकी चर्चा आगे करेंगे। यहाँ पर 'स्वर' का अभिप्राय है वेद के मन्त्र पाठ की

